मध्य प्रदेश की तीन महिलाओं को मिला स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान

चर्चा में क्यों?

4 मार्च, 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए ‘स्वच्छ सुजल शक्ति’ सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश की दो जल योद्धाओं अनिता चौधरी और गंगा राजपूत को जल संरक्षण में विशिष्ट योगदान के लिये स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया। इनके अलावा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ग्राम सरपंच नीतू परिहार को स्वच्छता के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिये स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान-2023 से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- छिंदवाड़ा ज़िले की जलसखी अनिता चौधरी को जल जीवन मिशन में पाइप जलापूर्ति के ऑपरेशंस तथा मेंटेनेंस श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। उनके प्रयासों से ज़िले का ग्राम गढ़मऊ हर-घर-जल ग्राम घोषित हुआ है।
- छतरपुर ज़िले की जलयोद्धा गंगा राजपूत को राष्ट्रीय जल मिशन के तहत पुरस्कृत किया गया है। अपने अथक प्रयासों से उन्होंने ग्राम भोयरा की महिलाओं को जागरूक बनाकर लोकभ्रांतियों को दूर करते हुए चंदेलकालीन तालाब को जीवित करने में विशेष योगदान दिया है।
- ग्वालियर ज़िले की सरपंच नीतू परिहार को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत पुरस्कृत किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत पुरा बनवार को ओडीएफ प्लस आदर्श ग्राम बनाने में असाधारण योगदान दिया है।
- कार्यक्रम में जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय जल मिशन और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण में विभिन्न श्रेणियों में कुल 18 पुरस्कार प्रदान किये गए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-women-of-madhya-pradesh-got-swachh-sujal-shakti-samman